Alberta

समाचार विज्ञप्ति

टीकाकरण प्रोत्साहन का आरंभ

13 सितंबर 2021

पात्र एल्बर्टावासी अब COVID-19 टीके की पहली या दूसरी खुराक प्राप्त करने के लिए $100 मूल्य का डेबिट कार्ड प्राप्त करने के लिए रजिस्टर कर सकते हैं।

यह एकमुश्त प्रोत्साहन 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के उन सभी एल्बर्टावासियों के लिए है, जो 3 सितंबर और 14 अक्टूबर के बीच टीके की पहली या दूसरी खुराक प्राप्त करेंगे।

अपने टीकाकरण के बाद वे वेबसाइट alberta.ca/VaccineDebitCard पर जा सकते हैं और पहले से भरे डेबिट कार्ड को प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन रजिस्टर कर सकते हैं। एल्बर्टा स्वास्थ्य (Alberta Health) सभी पंजीकरणों की जांच प्रांतीय प्रतिरक्षण डेटा के साथ करेगा। सीआईबीसी (CIBC) एल्बर्टा सरकार की ओर से डेबिट कार्ड वितरित करेगी।

पहले 15,000 एल्बर्टावासियों को अक्टूबर में अपना डेबिट कार्ड प्राप्त होगा। रजिस्टर करने वाले अतिरिक्त पात्र लोगों के लिए डेबिट कार्ड नवंबर और दिसंबर में वितरित किए जाएँगे।

जिन एल्बर्टावासियों के पास कंप्यूटर या मोबाइल डिवाइस सुलभ नहीं है, वे सहायता के लिए 310-0000 पर फोन कर सकते हैं।

टीकाकरण लॉटरी

टीके की दो खुराकें प्राप्त करने वाले 18 वर्ष की आयु के सभी एल्बर्टावासी टीकाकरण लॉटरी के शेष $1-मिलियन के ड्रॉ के लिए पात्र हैं। रजिस्टर करने और पूरे विवरण के लिए वेबसाइट alberta.ca/lottery पर जाएँ। अंतिम ड्रॉ 23 सितंबर को समाप्त हो जाएगा।

एपॉइंटमेंट बुक करें और टीका लगवाएँ

एल्बर्टावासी वेबसाइट bookvaccine.alberta.ca पर ऑनलाइन या 811 पर फोन करके एपॉइंटमेंट बुक कर सकते हैं। वॉक-इन क्लीनिकों की सूची वेबसाइट albertahealthservices.ca/vaccine पर उपलब्ध है।

त्वरित तथ्य

- जून 1 और सितंबर 9 के बीच COVID-19 से संक्रमित गहन देखभाल इकाइयों में भर्ती किए जाने वाले 92 प्रतिशत एल्बर्टावासी टीकाकृत नहीं थे या केवल आंशिक रूप से टीकाकृत थे।
- 9 सितंबर तक 78.9 प्रतिशत पात्र एल्बर्टावासियों को टीके की कम से एक खुराक प्राप्त हो गई है और 70.9% पात्र एल्बर्टावासी दोनों खुराकों के साथ पूरी तरह से संरक्षित हो गए हैं।

संबंधित जानकारी

- अपना COVID-19 टीकाकरण एपॉइंटमेंट बुक करें
- टीकाकरण के लिए प्रोत्साहन

मीडिया पूछताछ

स्टीव ब्युइक
780-288-1735
वरिष्ठ प्रेस सचिव, स्वास्थ्य

और अधिक सरकारी अनुवादित संसाधनों के लिए कृपया इस वेबसाइट पर जाएँ: https://www.alberta.ca/covid-19-translated-resources.aspx I